Limited Stop Bus Service

1512. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that buses on Route No. 860 are overcrowded especially during office hours resulting in eve-teasing and pick--pocketing;

(b) what is the frequency of buses on that route and the number of trips missed during the last one month; and

(c) whether Government propose to start Limited Stop Service from Group Housing Societies area (Krishi Apartments, Vikas Puri) to Central Secretariat and back during office hours for convenience of office goers?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) The buses operating on route No. 860 are with full load during office hours. No case of eve-teasing and pick-pocketing has been reported to DTC.

(b) The frequency of this route is 14/28 minutes. 441 trips out of 2760 had been missed during the month of june, 1991.

(c) DTC is already operating four Ltd. stop trips in morning from C&F Block Vikas Puri/Budhela Village/DESU Office to Central Sectt. and five evening trips Central Sectt./Udyog Bhavan to Vikas Puri. There is no proposal to start new Limited Stop Service from Group Housing Societies area (Krishi Apartments) Vikas Puri to Central Sectt. and back due to fleet constraints.

बिना बारी के आधार पर टेलीफोन कनेक्शनों का मंजूर किया जाना

1513. **श्री कृष्ण लाल शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1 जनवरी, 1990 से 31 अक्तूबर, 1990 के बीच सरकार द्वारा बिना बारी के आवंटित टेलीफोनों की भी सतर्कता विभाग द्वारा जांच की जा रही है ।

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ग) 1 जून, 1990 से 15 जून 1990 के बीच बिना बारी के दिये गये टेलीफोनों की संख्या कितनी है तथा उनमें से कितने टेलीफोनों को अभी लगाया जाना बाकी है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी वी. रंगैया नायडू) : (क) और (ख) जी नहीं ।

(ग) इस अवधि में बिना बारी के 347 टेलीफोन कनेक्शनों की मजूरी दी गई। इन टेलीफोनों की वास्तविक संस्थापना से संबंधित जानकारी एकत्रित की जा रही है जिसे यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन का नाजायज ढंग से लिया जाना

1514. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में बहुत सारे लोग नाजायज ढंग से स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन ले रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार पिछले पांच वर्षों के दौरान इस प्रकार दी गई पेंशन के मामलों की जांच कराने का विचार रखती है :

(ग) पेंशन मंजूर किये जाने की अंतिम तारीख क्या है ; और

(घ) क्या सरकार उन स्वाभिमानी स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन देगी जो स्वाभिमानवश इसके लिये आवेदन नहीं करते और क्या सरकार ने कभी स्वत: प्रेरित स्वतंत्रता सेनानी पेंशन देने हेतु, सीमित